हम मदद किसकी करते हैं

ऐसे बच्चों, युवाओं तथा युवा वयस्कों की सहायता जो सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली या वित्तीय सहायता प्राप्त सेवाएं या कार्यक्रम पा रहे हैं, जिनमें शामिल हैं:

- देखभाल में रखे गए बच्चे तथा युवा
- विचारों को निर्णय लेने वाले लोगों द्वारा सुना और माना जाता है।
- व्यसन संबंधी सेवाएं
- यूथ एग्रीमेंट वाले युवा लोग
- विशेष ज़रुरतों वाले बच्चे तथा युवा
- हिरासत में रखे गए युवा
- आरंभिक बचपन विकास या बाल देखभाल
- वयस्क होने जा रहे युवा
- अपने 27-वें जन्मदिन से पहले वाले वे युवा वयस्क जो:
    - कम्युनिटी लिविंग बी.सी. से सेवाएं प्राप्त करने के लिए योग्य हैं, या
    - यंग एडल्ट्स के साथ समझौते पर हैं या उसके लिए योग्य हैं, या
    - प्रांतीय सैकंडरी-उपरांत शिक्षा-शुल्क माफ़ी के लिए योग्य हैं।

यदि हम आपकी सहायता न भी कर सकें, तो भी हो सकता हम किसी को ढूंढ निकालें जो कर सके। अधिक जानकारी के लिए हमें ऑनलाइन देखें,टेक्स्ट या फोन करें।

हमारे साथ संपर्क करें

टॉल फ्री: 1-800-476-3933
टेक्स्ट: 1-778-404-7161
ईमेल: rcy@rcybc.ca
वेब: www.rcybc.ca

मुख्य कार्यालय - विक्टोरिया
400-1019 Wharf Street
Victoria, B.C. V8W 2Y9

उत्तरी कार्यालय - प्रिन्स जॉर्ज
1475 10th Avenue
Prince George, B.C. V2L 2L2

हमसे यहां मिलें

rcybc
rcybcyouth

@rcybc
@rcybcyouth

Rep4Youth

rcybcyouth

जॉर्डन विलियम्स द्वारा पृष्ठभूमि कला

REPRESENTATIVE FOR CHILDREN AND YOUTH

बाल तथा युवा प्रतिनिधि

[Hindi]

RCY के बारे में

बाल तथा युवा प्रतिनिधि (RCY) का बी.सी. का दफ्तर प्रांतीय बाल- तथा युवा-सेवा व्यवस्था से निपटने में युवाओं और उनके परिवारों की सहायता करता है। प्रतिनिधि बाल कल्याण प्रणाली का निरीक्षण करता है, और इसे सुधारने के लिए सिफारिशें देता है।

जेनिफर चार्ल्सवर्थ बच्चों और युवाओं के लिए बीसी की प्रतिनिधि हैं। जेनिफर की बच्चों के अधिकारों, बाल और युवा मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ वयस्कता में जाने वाले युवाओं, और यह सुनिश्चित करने में गहरी रुचि रही है कि प्रथम राष्ट्र, मेतीस, इनुइट और शहरी मूल-निवासी बच्चों और युवाओं को बेहतर सेवा दी जाए और वे अपनी संस्कृतियों और परिवारों से दृढ़ता से जुड़े रहें।

आपके अधिकार

बी.सी. के हर बच्चे को **सुरक्षित, स्वस्थ, शिक्षित होने तथा सुने जाने** का अधिकार है। RCY *प्रतिनिधि* के अधिवक्ता ऐसे युवा लोगों (और उनकी तरफ से हमारे साथ संपर्क करने वाले वयस्कों) को जानकारी, सलाह तथा सहायता प्रदान करते हैं जिन्हें सरकार से मिलने वाली या सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त सेवाओं या कार्यक्रमों से संबंधित सहायता की ज़रुरत होती है।

RCY के अधिवक्ता यह सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों तथा युवाओं के अधिकार सुरक्षित तथा बरकरार रहें तथा उनके विचार सुने जाएं और निर्णयकर्ता उन पर विचार-विमर्श करें।

देखभाल किए जा रहे युवा तथा युवा-वयस्क

सरकार की देखरेख में रह चुके या सरकारी सेवाएं प्राप्त करने वाले बच्चों, युवाओं तथा युवा वयस्कों को सफलता के वही अवसर प्राप्त होने का अधिकार है जो अन्य युवा लोगों को मिलते हैं।

हम मदद कैसे करते हैं

RCY के अधिवक्ता आपकी निम्न सहायता कर सकते हैं:

- अपने अधिकारों को जानना और यह भी कि यदि उनकी अनदेखी की जाती है तो आपने क्या करना है?
- आपकी ज़रूरत की सेवाओं के साथ आपको जोड़ना
- इस तरह से बोलना कि आपकी समस्या हल हो सके
- आपकी देखभाल के बारे में किए गए निर्णयों में भाग लेना
- मंत्रालय की देखभाल में से आपका बाहर निकलना।

आप जो कुछ भी कहेंगे उसे गोपनीय रखा जाएगा।

निगरानी तथा जांच-पड़ताल

RCY **सरकारी वित्तीय सहायता पाने वाले कार्यक्रमों की निगरानी तथा मूल्यांकन** भी करता है ताकि उन्हें बेहतर बनाने के लिए सिफारिशें की जा सकें, तथा मूल-निवासी बाल कल्याण के क्षेत्र में मुख्य घटनाओं पर नज़र रखता है।

यदि सरकारी सेवाएं प्राप्त करने वाले किसी बच्चे या युवा को चोट लगती है या मौत हो जाती है तो RCY **समीक्षा यां जांच कर सकता है**।